बाल भारती पब्लिक स्कूल पीतम पुरा, दिल्ली।

साप्ताहिक पाठ योजना

कक्षा – छठी

विषय- हिंदी

सप्ताह- 23/11/20 से 27/11/20 तक

अभ्यास पत्र :-

1. 'संसार पुस्तक है' पाठ की विधा क्या है ?

क. निबंध

ख़. कहानी

ग. नाटक

घ. पत्र

२. एक समय ऐसा था, जब यह धरती बेहद ---

क. ठंडी थी

ख़. छोटी थी

ग. गरम थी

घ. बड़ी थी

3. यह धरती कितने वर्ष पुरानी है ?

क. सैंकड़ों वर्ष

ख़. लाखों - करोड़ों वर्ष

ग. हजारों वर्ष

घ. करोड़ों - अरबों वर्ष

4. 'रानी लक्ष्मीबाई' कविता के कवि का नाम है –

BBPS,PITAMPURA

क. अमृता प्रीतम

ख़. सुमित्रानंदन पंत

ग. केदारनाथ अग्रवाल

घ. सुभद्रा कुमारी चौहान

5. रानी लक्ष्मीबाई को किसकी कहानियाँ याद थीं ?

क. शिवाजी की

ख़. पंचतंत्र की

ग. दुर्गा की

घ. शिवजी की

6. केदार बाबू की क्या चीज़ टूट गई थी ?

क. छड़ी

ख़. चश्मा

ग. हुक्का

घ. कुर्सी

7. कौन - सा शब्द 'घट' का अनेकार्थी नहीं है -

क. घड़ा

ख़. कम

ग. घना

घ. शरीर

8. कौन -सा शब्द शुद्ध है ?

क. सांसारीक

ख़. सांसारिक

ग. संसारिक

घ. सांसरिक

BBPS,PITAMPURA

9. "आरोह" का विलोम शब्द क्या होगा ?

क. अवरोह

ख. निराहार

ग. अंत

घ. अनर्थ

10. 'अनुराग' का विलोम शब्द है -

क. अनेक

ख़. निराशा

ग. विराग

घ. अनुपयोगी

११. किसी एक विषय पर पत्र लिखिए -

क. बुखार होने के कारण आप दो दिन तक ऑनलाइन कक्षा में उपस्थित नहीं हो पाएँगे दो दिन का अवकाश माँगते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।

ख. अपने चाचाजी की बेटी की शादी में जाने के लिए तीन दिन की छुट्टी के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना -पत्र लिखिए।

12. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/ एक वाक्य में लिखिए ।

BBPS, PITAMPURA

क्रिकेट एक घर के बाहर खेला जाने वाला खेल है जिसे खासतौर से बच्चे बहुत पसंद करते है और अपने युवा दिनों में एक अच्छा क्रिकेटर बनने का सपना देखते है। ये एक बड़े खुले मैदान में बल्ले और बॉल के इस्तेमाल से खेला जाता है। ये दो टीमों के मध्य खेला जाता है जिसमें 11-11 खिलाड़ी होते है। इसे एक 22 गज के लंबे आयताकार पिच के मैदान के एक केन्द्र में खेला जाता है। बल्लेबाजी करने के दौरान इसका इस्तेमाल बल्लेबाज रन लेने के लिये करता है और पारी के रुप में रन प्राप्त करने की कोशिश करता है।

दोनों टीमों में से एक टीम गेंदबाज और दूसरी टीम बल्लेबाज कहलाती है। बल्लेबाज का विकेट लेने के लिये गेंदबाज गेंद को बल्ले से दूर फेंकने का प्रयास करता है। एक बल्लेबाज़ तब तक बल्लेबाज़ी करता है जब तक वो कोई गलती करके आउट न हो जाए। जो कोई भी टीम बैटिंग शुरु करती है वो तब तक बैटिंग करती है जब तक कि उसके 10 बल्लेबाज़ आउट न हो जाए या 6 बॉल के ओवर के निश्चित संख्या पूरी न हो जाए।

(क) क्रिकेट कहाँ खेला जाता हैं ?

(ख) क्रिकेट कितने खिलाड़ियों के बीच खेला जाता हैं ?

(ग) बल्लेबाज कब तक बल्लेबाजी करता हैं?

(घ) क्रिकेट के खेल में एक टीम कब तक बैटिंग कर सकती हैं?

(ड) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखें।